NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

तगड़ी कैसे हो पसली, जब दवा ही नकली, पटना वाली फैक्ट्री के बारे में जान कर हैरान रह जाएंगे

पटना: आपको डॉक्टर कहे कि रिपोर्ट में विटामिन डी की कमी है। हड्डियां भी कमजोर हैं तो कैल्शियम भी लेना पड़ेगा। आप इसके लिए दवाएं भी ले आते हैं। लेकिन दवाओं का कोर्स पूरा करने के बाद भी आपकी पसलियां कमजोर की कमजोर ही रह जाती हैं, ऐसे में आपको क्या लगेगा? दरअसल डॉक्टर की सलाह भी सही है, दवाओं का नाम भी सही है, बस वो नकली दवा है, असली नहीं। इसी तरह की नकली दवाओं की फैक्ट्री का खुलासा बिहार में भी हुआ है।

पटना में एक और नकली दवा फैक्ट्री
दिल्ली पुलिस की एक टीम ने बिहार की राजधानी पटना के पास नकली दवाएं और नशीले पदार्थ बनाने बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/patna/delhi-police-team-raided-fake-medicine-factory-in-patna-total-9-arrested-in-this-mission-so-far/articleshow/128709126.cms